राजस्थान CET 12वीं स्तर 2024 (शिफ्ट V, कोड P12)

150 सवाल · सही उत्तर ✓ से चिह्नित · testline.in

Q.1

'उसने कुछ नहीं खाया' इसमें 'कुछ' कौन-सा सर्वनाम है?

(A) प्रश्नवाचक
(B) संबंधवाचक
(C) निजवाचक
(D) अनिश्चयवाचक ✓

Q.2

निम्नलिखित में जातिवाचक संज्ञा का उदाहरण है-

(A) मित्रता
(B) तूफान ✓
(C) दौड़
(D) सभा

Q.3

सर्वनाम के कितने मुख्य भेद होते हैं?

(A) दो
(B) तीन
(C) छः ✓
(D) आठ

Q.4

डाउन सिन्ड्रोम का कारण है-

(A) X गुणसूत्र की अतिरिक्त प्रति की उपस्थिति
(B) एक X गुणसूत्र की अनुपस्थिति
(C) गुणसूत्र क्रमांक 21 की अतिरिक्त प्रति की उपस्थिति ✓
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

Q.5

निम्नलिखित में से कौन से विपरीत गुणों को, मटर (गार्डन पी) पर मेंडेल द्वारा अपने संकरण प्रयोगों में उपयोग <u>नहीं</u> किया गया था?

(A) पुष्प का रंग
(B) बीज का रंग
(C) पुष्प की स्थिति
(D) जड़ का आकार ✓

Q.6

निम्नलिखित में से कौन सा पारजीनी (ट्रांसजेनिक) जंतु को उत्पन्न करने का कारण <u>नहीं</u> है?

(A) आविषालुता सुरक्षा का परीक्षण करने के लिए
(B) कायिक संकर बनाने के लिए ✓
(C) जैविक उत्पाद प्राप्त करने के लिए
(D) जीन कैसे नियंत्रित किए जाते हैं, इसका अध्ययन करने के लिए

Q.7

वह पिरामिड जो किसी स्थिर पारितंत्र में उल्टा नहीं हो सकता, होता है-

(A) संख्या का पिरामिड
(B) ऊर्जा का पिरामिड ✓
(C) जीवभार का पिरामिड
(D) ये सभी

Q.8

भारत के संविधान में निम्नलिखित में से किस निर्देशक सिद्धान्त के अनुसार राज्य को ग्राम पंचायत का संगठन करने और उन्हें स्वशासन की इकाई के रूप में कार्य करने में सक्षम बनाने के लिए आवश्यक शक्ति प्रदान करना है-

(A) अनुच्छेद 40 ✓
(B) अनुच्छेद 42
(C) अनुच्छेद 38
(D) अनुच्छेद 39

Q.9

निम्न में से किस समिति ने भारतीय संविधान में आठ मौलिक कर्तव्यों को शामिल करने का सुझाव दिया था?

(A) वर्मा समिति
(B) स्वर्ण सिंह समिति ✓
(C) दत्ता समिति
(D) गोखले समिति

Q.10

संविधान सभा में भारत के संविधान के मुख्य प्रारूपकार कौन थे?

(A) एस. एन. मुखर्जी ✓
(B) प्रेम बिहारी नारायण
(C) सर बी. एन. राव
(D) एच वी आर आयंगर

Q.11

निम्नलिखित में 'सु + उक्ति' की संधि होगी-

(A) सूक्ति ✓
(B) सुक्ति
(C) सुकी
(D) षुक्ति

Q.12

निम्नलिखित में नञ् तत्पुरुष समास का एक उदाहरण है-

(A) अधर्म ✓
(B) परोक्ष
(C) बेकाम
(D) आजन्म

Q.13

'दत्तचित्त' में कौन सा समास है?

(A) अव्ययीभाव
(B) तत्पुरुष
(C) बहुव्रीहि ✓
(D) कर्मधारय

Q.14

अरावली पर्वतमाला की सबसे ऊंची चोटी कौन सी है?

(A) सेर
(B) गुरु शिखर ✓
(C) दिलवाड़ा
(D) अचलगढ़

Q.15

खेतड़ी बांसियाल सरंक्षण रिजर्व निम्नलिखित में से राजस्थान के कौन से स्थान पर अवस्थित है?

(A) भीलवाड़ा
(B) अजमेर
(C) झुंझुनूं ✓
(D) कोटा

Q.16

राजस्थान की सबसे लंबी नदी कौन-सी है?

(A) मानसी
(B) काली सिंध
(C) पार्वती
(D) चम्बल ✓

Q.17

चित्रशाला कला-विथी निम्नलिखित में से किस स्थान पर स्थित है -

(A) जयपुर
(B) कोटा
(C) बूंदी ✓
(D) बीकानेर

Q.18

वर्ष 2022-23 के अनुसार दुग्ध उत्पादन में राजस्थान का भारत में कौन सा स्थान है-

(A) पहला
(B) दूसरा ✓
(C) तीसरा
(D) चौथा

Q.19

'अश्वगंधा' पौधे के किस हिस्से का उपयोग दवाइयाँ बनाने हेतु उपयोग किया जाता है?

(A) पत्तियों का
(B) जड़ों का ✓
(C) फूलों का
(D) टहनी का

Q.20

निम्नलिखित में से कौन रुधिर - वर्ग वंशागति का अनुप्रयोग नहीं है - (सबसे उचित विकल्प का चयन करें)

(A) जनकीय विवादों का समाधान
(B) नवजात ब्लड हिमोलिसिस का उपचार
(C) हिमोफिलिया जैसे अनुवांशिक विकारों का उपचार
(D) HIV-1 और HIV-2 संक्रमण का उपचार ✓

Q.21

वे अनुक्रमण जो उस मृदा या क्षेत्रों में पाये जाते हैं जहाँ हाल ही में अपने समुदाय को खोया है, इससे संदर्भित होते हैं -

(A) प्राथमिक अनुक्रमण
(B) द्वितीयक अनुक्रमण ✓
(C) शैलक्रमक
(D) प्राकक्रमक

Q.22

P+Q तात्पर्य है कि P, Q का भाई है। PxQ का तात्पर्य है कि P, Q की माता है। P-Q का तात्पर्य है कि P, Q का पुत्र है। P ÷ Q का तात्पर्य है कि P, Q का पति है। निम्नलिखित में से कौन यह संकेत देता है कि A, U का भतीजा है?

(A) $A + N \times K \div H + U$
(B) $A \div N \times K \times H - U$
(C) $A - N - K \times H \div U$ ✓
(D) $A + N + KxH + U$

Q.23

नीचे दिए गए शब्दों को शब्दकोष के क्रम में लगाएं और दिए गए विकल्पों में से सही क्रम का चयन करें।
I. MABELA
II. MABUSE
III. MABLE
IV. MABEPEARL
नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(A) I, II, III, IV
(B) II, III, I, IV
(C) I, IV, III, II ✓
(D) III, II, I, IV

Q.24

Choose the **most appropriate** option to fill in the blank:
Rita didn't see me wave to her. She ___ in the other direction.

(A) is looking
(B) looked
(C) was looking ✓
(D) has been looking

Q.25

Choose the **most appropriate** option to fill in the blanks:
The accident victim ___ **by the time they** ___ him to the hospital.

(A) was dead, rushed ✓
(B) had died, had rushed
(C) was dying, rushed
(D) will be dead, have rushed

Q.26

Choose the passive form of the sentence given.
A thief stole my dog and brought back only when I offered ₹ 5000 reward for him.
Choose the **most appropriate** option from below:

(A) My dog was stolen and brought back only when a ₹ 5000 reward was offered. ✓
(B) I offered a ₹ 5000 reward for the thief only then my dog was brought back.
(C) Only when I offered a reward of ₹ 5000, my dog which was stolen brought back.
(D) A thief brought back my dog which he stole when I offered a reward of ₹ 5000.

Q.27

Choose the word most similar in meaning to:
PROSCRIBE

(A) Appease
(B) Prolong
(C) Prohibit ✓
(D) Permit

Q.28

आईबीएम प्रणाली/360 निम्न में से किसका उदाहरण है?

(A) सेकण्ड जनरेशन कंप्यूटर
(B) फोर्थ जनरेशन कंप्यूटर
(C) थर्ड जनरेशन कंप्यूटर ✓
(D) फर्स्ट जनरेशन कंप्यूटर

Q.29

प्रोसेसर की निम्नलिखित में से कौन-सी इकाई कंप्यूटर के सभी हिस्सों की निगरानी करती है और उन्हें उचित निर्देश देती है?

(A) मेमोरी यूनिट
(B) कंट्रोल यूनिट ✓
(C) इनपुट यूनिट
(D) अरिथमेटिक एवं लॉजिक यूनिट

Q.30

निम्न में से कौन सा विटामिन वसा में घुलनशील है?

(A) विटामिन A ✓
(B) विटामिन B_6
(C) विटामिन C
(D) विटामिन B_2

Q.31

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.32

सबसे अधिक स्थाई 'फुलेरीन' है-

(A) C_{50}
(B) C_{40}
(C) C_{60} ✓
(D) C_{70}

Q.33

रैम के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सही है?

(A) नॉन वॉलेटाइल, टैम्परेरी
(B) वॉलेटाइल, टैम्परेरी ✓
(C) वॉलेटाइल, पर्मानेंट
(D) नॉन- वॉलेटाइल, पर्मानेंट

Q.34

एक्सेल में एक वैलिड फार्मूला किस से शुरु होता है?

(A) +
(B) = ✓
(C) #
(D) @

Q.35

पावर पाइंट प्रस्तुतीकरण में एक डिजाइन जो लेआउट को नियंत्रित और स्लाइडों के लिए फॉर्मेटिंग करता है, को कहते हैं:-

(A) डिजाइन प्लेट्स
(B) टेम्पलेट्स ✓
(C) प्लेसहोल्डर्स
(D) ब्लू प्रिंट्स

Q.36

निम्नलिखित में से 'हरि' शब्द का प्रयोग किसके अर्थ में नहीं होता -

(A) सिंह
(B) समुद्र ✓
(C) पहाड़
(D) वानर

Q.37

अनेकार्थक शब्द 'अक्षर' का एक अर्थ है-

(A) वर्ण ✓
(B) ज्ञान
(C) हल
(D) भाग्य

Q.38

शब्द युग्म 'अब्ज - अब्द' के लिए संगत अर्थ होगा-

(A) बादल - वर्ष
(B) अदरक - विरक्त
(C) कमल - बादल ✓
(D) निर्भय - अनाज

Q.39

निम्नलिखित में से कौन सा इनपुट डिवाइस नहीं है?

(A) टच स्क्रीन
(B) स्कैनर
(C) माउस
(D) प्रोजेक्टर ✓

Q.40

एक उपकरण जो औद्योगिक रोबोट्स के परिचालन, कंप्यूटर गेम के खेलों एवं फ्लाइट में प्रशिक्षण अनुरूपकों के उपकरण के रूप में प्रयुक्त होता है कहलाता है :-

(A) की-बोर्ड
(B) जॉयस्टिक ✓
(C) लाइट पेन
(D) माउस

Q.41

किस रिफरेंसिंग में, फार्मूला कॉपी करते समय सैल रिफरेन्स नहीं बदलता?

(A) सैल रिफरेंसिंग
(B) एबसोल्यूट रिफरेंसिंग ✓
(C) रिलेटिव रिफरेंसिंग
(D) मिक्स्ड रिफरेंसिंग

Q.42

निम्नलिखित में से कौन कंप्यूटर की लघुतम डाटा यूनिट है?

(A) केबी (KB)
(B) जीबी (GB)
(C) बाइट (Byte)
(D) निबल (Nible) ✓

Q.43

सूची-I के साथ सूची-II का मिलान कीजिए

सूची-I (वाक्यांश)	सूची-II (सार्थक शब्द)
a. आदि से अन्त तक	I. अनूप
b. जल से परिपूर्ण	II. आद्योपान्त
c. चोट खाया हुआ	III. उटज
d. तिनकों से बना घर	IV. आहत

नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(A) a - III, b - IV, c - I, d - II
(B) a - II, b - I, c - IV, d - III ✓
(C) a - IV, b - III, c - II, d - I
(D) a - I, b - III, c - IV, d - II

Q.44

'तंग करना' इस अर्थ के लिए किस मुहावरे का प्रयोग होता है?

(A) दो टूक बात कहना
(B) जहर उगलना
(C) छक्के छूटना
(D) नाच नचाना ✓

Q.45

'ज्ञापन' के लिए अंग्रेजी के किस शब्द का प्रयोग किया जाता है?

(A) Circular
(B) Order
(C) Reminder
(D) Memorandum ✓

Q.46

वर्ष 2024-25 राजस्थान राज्य का बजट किसने प्रस्तुत किया ?

(A) जोगाराम पटेल
(B) किरोड़ीलाल मीणा
(C) भजनलाल शर्मा
(D) दिव्या कुमारी ✓

Q.47

निम्नलिखित में से किस भारतीय एथलीट को 'भारतीय ट्रेक और फील्ड की रानी' या 'गोल्डन गर्ल' के नाम से जाना जाता है?

(A) सुनीता रानी
(B) कमलजीत संधु
(C) कृष्णा पुनिया
(D) पी.टी.ऊषा ✓

Q.48

'नमस्ते' योजना निम्नलिखित समूहों में से किन कर्मियों से संबंधित है?

(A) निर्माण कार्मिक
(B) स्वास्थ्य कार्मिक
(C) कृषि कार्मिक
(D) स्वच्छता कार्मिक ✓

Q.49

कार्यालयी पत्रों के अधोलेख में निम्न में से किस शब्द का प्रयोग किया जाता है?

(A) सेवा में
(B) महोदय
(C) आपका विश्वासी ✓
(D) प्रियवर

Q.50

Choose the most appropriate English translation of the given sentence.
तुम रात को कब सोते हो?

(A) When did you sleep at night?
(B) Do you sleep at night?
(C) What time do you sleep at night? ✓
(D) When did you go to sleep at night?

Q.51

Choose the *most appropriate* option for the reported form of the given sentence:
"Read it for yourself if you don't believe what I say", he told me.

(A) He told me to read it for myself if I didn't believe what he said. ✓
(B) He asked me to read it himself if I was not ready to believe.
(C) He suggested that I read it since I didn't believe what he said.
(D) He told me to read it as I didn't believe what he said.

Q.52

Choose the English word for the given word.
राजपत्रित अवकाश

(A) Restricted holiday
(B) Casual holiday
(C) National holiday
(D) Gazetted holiday ✓

Q.53

Choose the *most appropriate* word for the given sentence.
A person who is incharge of the objects or works of art in a museum.

(A) Credulous
(B) Cartographer
(C) Curator ✓
(D) Calligraphist

Q.54

Choose the word opposite in meaning to:
DISHEVELLED

(A) confident
(B) jovial
(C) tidy ✓
(D) untidy

Q.55

Choose word nearest in meaning to the bold word:
The convict's **ingenuous** explanation brought tears in everyone's eye.

(A) naive ✓
(B) clever
(C) insincere
(D) secret

Q.56

माना x = {1, 2} और y = {1, 2, 3}। x से y पर कितने भिन्न-भिन्न फलन हैं?

(A) 3
(B) 6
(C) 8
(D) 9 ✓

Q.57

अमन ₹ 40,000 के साथ एक व्यवसाय शुरू करता है। 4 महीने के बाद, भानु ₹ 20,000 के साथ अमन के साथ जुड़ जाता है। एक वर्ष के अंत में दोनों के लाभ का अनुपात ज्ञात करें।

(A) 2 : 1
(B) 3 : 1 ✓
(C) 4 : 1
(D) 5 : 1

Q.58

किसी कार्य को पूरा करने हेतु एक दिन में 12 घंटे कार्य करके 15 व्यक्ति 10 दिनों का समय लेते हैं। उसी कार्य को 20 दिनों में पूरा करने के लिए 10 व्यक्तियों को एक दिन में कितने घंटे काम करना चाहिए?

(A) 8
(B) 9 ✓
(C) 10
(D) 11

Q.59

'अयोध्या राम मंदिर' के निर्माण में मुख्य वास्तुकार कौन हैं? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें:)

(A) राम सुतार
(B) जगमोहन
(C) चंद्रकांत सोमपुरा ✓
(D) अरूण योगीराज

Q.60

2024 लोक सभा चुनाव के दौरान, भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त कौन थे?

(A) राजीव कुमार ✓
(B) ज्ञानेश कुमार
(C) नवीन चावला
(D) सुनील अरोरा

Q.61

Scientists are aiming to create an unbiased algorithm-

(A) To study the impact of technology on human liver
(B) To bridge the gaps and remove social prejudices ✓
(C) To study about potential defaulters
(D) To start a dialogue system for future patients

Q.62

A set of rules that must be followed when solving a particular problem is _____.

(A) Artificial intelligence
(B) Multifarious disciplines
(C) Chat GPT
(D) Algorithm ✓

Q.63

Match List-I with List-II

List-I (Words)	List-II (Meanings)
a. Entrenched	I. ability of show future happenings
b. Marginalised	II. established strongly
c. Predictive	III. People that share the same cultural traditions
d. Ethnic	IV. with not much say in important matters.

Choose the most appropriate answer from the options given below:

(A) a - I, b - III, c - II, d - IV
(B) a - IV, b - III, c - II, d - I
(C) a - III, b - II, c - IV, d - I
(D) a - II, b - IV, c - I, d - III ✓

Q.64

Match List-I with List-II

List-I (Fields)	List-II (Application of AI)
a. Medicine	I. Predicting natural catastrophes
b. Banking	II. Identifying Potential criminals
c. Criminology	III. Interpreting ultrasound images
d. Meteorology	IV. Disbursing loans

Choose the **most appropriate** answer from the options given below:

(A) a - III, b - IV, c - II, d - I ✓

(B) a - IV, b - III, c - I, d - II

(C) a - II, b - I, c - III, d - IV

(D) a - I, b - II, c - IV, d - III

Q.65

Identify the drawback of using AI extensively according to the passage :-

(A) A bot will take down the history of patient.

(B) Biasness against certain sections of people due to lack of information. ✓

(C) Natural catastrophics can be averted due to timely alerts.

(D) Takes care of loneliness by providing online companions.

Q.66

निम्नलिखित में शुद्ध वर्तनी युक्त शब्द हैं-

a. अधीन
b. पुरष्कार
c. महत्त्व
d. साशन
e. उपर्युक्त

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सर्वाधिक उपयुक्त** उत्तर का चयन कीजिए:

(A) केवल a, b और c

(B) केवल b, d और e

(C) केवल b, c और d

(D) केवल a, c और e ✓

Q.67

निम्नलिखित में शुद्ध लिखित वाक्य है-

(A) वह आरोग्य हो गया।

(B) इनको उत्तर देना भूल होगा।

(C) प्यास से होंठ सूख रहा था।

(D) मेरी बात सुनो। ✓

Q.68

ब्रिटिश द्वारा अवध के विलय के समय भारत का गवर्नर जनरल कौन था?

(A) लॉर्ड कॉर्नवालिस
(B) लॉर्ड डलहौजी ✓
(C) लॉर्ड वैलेजली
(D) लॉर्ड कैनिंग

Q.69

भारत के संविधान का निम्नलिखित में से कौन सा अनुच्छेद राजस्थान लोक सेवा आयोग के कार्यों के विषय में जानकारी देता है?

(A) अनुच्छेद 320 ✓
(B) अनुच्छेद 317
(C) अनुच्छेद 312
(D) अनुच्छेद 316

Q.70

मुख्यमंत्री की नियुक्ति भारत के संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत होती है-

(A) अनुच्छेद-164 ✓
(B) अनुच्छेद-154
(C) अनुच्छेद-153
(D) अनुच्छेद-163

Q.71

पंचायती राज लागू करने वाला भारत का पहला राज्य कौन था?

(A) आंध्रप्रदेश
(B) गुजरात
(C) राजस्थान ✓
(D) तमिलनाडु

Q.72

गींदड़ नृत्य का संबंध राजस्थान के किस क्षेत्र से है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें:)

(A) बाड़मेर
(B) मेवाड़
(C) मारवाड़
(D) शेखावाटी ✓

Q.73

निम्नलिखित में से कौन निर्गुण उपासना का अनुयायी था?

(A) राम चरणजी
(B) मीरा बाई
(C) दादू दयाल ✓
(D) रतन सिंह

Q.74

सूची -I को सूची -II से सुमेलित कीजिए :

सूची -I (मेला)	सूची -II (स्थान)
a. बेणेश्वर	I. करौली
b. कैलादेवी	II. टोंक
c. जीण माता	III. डूंगरपुर
d. दिग्गी कल्याण जी	IV. सीकर

नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(A) a - II, b - III, c - I, d - IV
(B) a - I, b - II, c - III, d - IV
(C) a - III, b - I, c - IV, d - II ✓
(D) a - IV, b - III, c - II, d - I

Q.75

पहला शैक्षणिक उपग्रह ____ ISRO द्वारा ____ वर्ष में छोड़ा गया था।

(A) GSAT, 2010
(B) EDUSAT, 2004 ✓
(C) METSAT, 2010
(D) EDSAT, 2006

Q.76

वंशावली विश्लेषण में ये देखा गया है कि केवल लड़के हीमोफीलिया रोग से पीड़ित होते हैं, क्योंकि यह एक-

(A) अलिंगसूत्री अप्रभावी विकार है
(B) लिंग सहलग्न अप्रभावी विकार है ✓
(C) अलिंगसूत्री प्रभावी विकार है
(D) लिंग सहलग्न प्रभावी विकार है

Q.77

कौन सी सभ्यता धूलकोट या ताम्रवती नगरी के नाम से प्रसिद्ध है?

(A) आहड़ ✓
(B) बालाथल
(C) चन्द्रावती
(D) सिंधु

Q.78

कालीबंगा सभ्यता के संदर्भ में असत्य कथन का चयन करें।

(A) कालीबंगा एक सुनियोजित शहर था, घरों के निर्माण के लिए धूप में बनी ईंटों का उपयोग किया जाता था।
(B) कालीबंगा में जुताई वाले खेत का कोई प्रमाण नहीं मिला है। ✓
(C) प्राचीन दृषद्वती और सरस्वती नदी घाटी (वर्तमान घग्घर नदी क्षेत्र) ने कालीबंगा की सभ्यता को जन्म दिया।
(D) यह सभ्यता हनुमानगढ़ जिले में स्थित है।

Q.79

राणा सांगा की मृत्यु के पश्चात् मेवाड़ का शासक कौन बना? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें:)

(A) राणा विक्रमादित्य
(B) राणा रतन सिंह ✓
(C) राणा उदय सिंह
(D) राणा अमर सिंह

Q.80

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.81

यदि α और β एक समीकरण $3x^2 - 13x + 14 = 0$ के दो मूल हैं, तो $\frac{\alpha^2+\beta^2}{\alpha\beta}$ का मान क्या है?

(A) 8
(B) $\frac{65}{28}$
(C) $\frac{83}{41}$
(D) $\frac{85}{42}$ ✓

Q.82

निरर्थक का सही संधि विच्छेद कौनसा है-

(A) निः + अर्थक ✓
(B) निर् + अर्थक
(C) निरु + अर्थक
(D) निः + आर्थक

Q.83

नीचे दिए गए कथन के आधार पर कौन सा निष्कर्ष, तार्किक रूप से कथनों का अनुसरण करता है।

कथन:
कुछ फ्लैट अपार्टमेंट हैं।
कोई अपार्टमेंट हॉल नहीं हैं।
कुछ हॉल कमरे हैं।

निष्कर्ष:
I: कम से कम कुछ कमरे फ्लैट हैं।
II: कोई अपार्टमेंट कमरा नहीं है।

उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(B) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(C) दोनों निष्कर्ष I और II अनुसरण करते हैं।
(D) न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है। ✓

Q.84

यदि PHYSICS को किसी कोडित भाषा में KSBHRXH कोड किया जाता है तो उस कोड भाषा में BIOLOGY को कैसे लिखा जाएगा?

(A) YSLOMTC
(B) YRLOLTB ✓
(C) YRMOMTB
(D) YRLOLSB

Q.85

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.86

गणितीय चिन्हों को कुछ अक्षरों द्वारा दर्शाया गया है, जैसे नीचे दिखाया गया है।

+ - × ÷ = > <

B G E C D A F

अब दिए गए विकल्पों में से सही अभिव्यक्ति का चयन करें:

(A) 18C 3D 6B 8C 4G 12
(B) 18A 3E 6B 8G 4B 12
(C) 18C 3G 6B 8B 4D 12 ✓
(D) 18F 3B 6E 8G 4E 12

Q.87

एक गोलाकार पार्क जिसकी परिधि $\frac{4840}{7}$ मी. है, उसके चारों ओर (पार्क के बाहर) 10 मी. चौड़ा रास्ता है। रास्ते का क्षेत्रफल (मी^{2} में) क्या है? ($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग करें)

(A) $\frac{46200}{7} m^2$ (मी^{2})
(B) $\frac{50600}{7} m^2$ (मी^{2}) ✓
(C) $\frac{48400}{7} m^2$ (मी^{2})
(D) $\frac{52800}{7} m^2$ (मी^{2})

Q.88

दो प्रत्याशियों के मध्य चुनाव में 75% मतदाताओं ने अपना मतदान दिया, जिसमें से 4% मत अवैध पाए गए। एक प्रत्याशी को 9,261 मत प्राप्त हुए जो कुल वैध मत का 75% है। उस चुनाव के कुल नामांकित मतदाताओं की संख्या का पता लगाएं।

(A) 17,150 ✓
(B) 17,000
(C) 16,800
(D) 16,500

Q.89

निम्न में से वह अधातु का अपररूप जो विद्युत का सुचालक है-

(A) आयोडीन
(B) ग्रेफाइट ✓
(C) फुलरीन
(D) हीरा

Q.90

दूर स्थित एक ऊँची इमारत का पूरा प्रतिबिम्ब निम्नलिखित का उपयोग करके हमेशा देखा जा सकता है:-

(A) समतल दर्पण
(B) अवतल और समतल दर्पण दोनों
(C) उत्तल दर्पण ✓
(D) अवतल दर्पण

Q.91

राजस्थान के निम्नलिखित बांधों में से कौन सा बांध चंबल नदी पर नहीं है?

(A) गाँधी सागर बांध
(B) राणा प्रताप सागर बांध
(C) कोटा बैराज
(D) रामगढ़ बांध ✓

Q.92

"पश्चिमी राजस्थान में गरीबी उन्मूलन" (एम पावर) को किसकी सहायता से क्रियान्वित किया जा रहा है?

(A) विश्व बैंक
(B) आर. बी. आई
(C) एशियन डेवलपमेंट बैंक
(D) आई. एफ. ए. डी. (इंटरनेशनल फंड फॉर एग्रीकल्चरल डेवलपमेंट) ✓

Q.93

राजस्थान राज्य खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम की स्थापना किस वर्ष में हुई थी?

(A) 2010 ✓
(B) 2012
(C) 2011
(D) 2014

Q.94

44वें संशोधन अधिनियम, 1978 के द्वारा निम्नलिखित में से कौन से मौलिक अधिकार को सूची से हटा दिया गया था-

(A) संपत्ति का अधिकार ✓
(B) स्वतंत्रता का अधिकार
(C) सांस्कृतिक और शैक्षणिक अधिकार
(D) शोषण के विरुद्ध अधिकार

Q.95

किस तिथि को आर. बी. आई. ने ₹ 2000 के करेन्सी नोट के प्रसार को रोकने की घोषणा की थी? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें:)

(A) अप्रैल 16, 2020
(B) अगस्त 15, 2021
(C) मई 19, 2023 ✓
(D) मई 31, 2022

Q.96

राजस्थान में भारतीय हथकरघा (हैन्डलूम) प्रौद्योगिकी संस्थान कहां पर स्थित है?

(A) जयपुर
(B) उदयपुर
(C) जोधपुर ✓
(D) भरतपुर

Q.97

किस योजना के तहत राजस्थान में सितम्बर 2022 तक 3.25 करोड़ खाते खोले जा चुके हैं?

(A) प्रधानमंत्री जनधन योजना (PMJDY) ✓
(B) प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (PMJJBY)
(C) प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (PMSBY)
(D) प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (PMMY)

Q.98

राजीव गाँधी फिनटेक डिजिटल इंस्टीट्यूट राजस्थान में कहाँ स्थापित किया जाना है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें:)

(A) जैसलमेर
(B) जालौर
(C) जोधपुर ✓
(D) उदयपुर

Q.99

निम्नलिखित में से कौन पानी में डूब जाएगा?

(A) केरोसिन
(B) स्टेनलेस स्टील की गेंद ✓
(C) बंद ढक्कन वाली प्लास्टिक की खाली बोतल
(D) एक लकड़ी की लाठी

Q.100

निम्न में से वह अधातु का अपररूप जो विद्युत का सुचालक है-

(A) आयोडीन
(B) ग्रेफाइट ✓
(C) फुलरीन
(D) हीरा

Q.101

Choose the most appropriate option to fill in the blanks.

___ Mr. Mehra called while you were out. He wants to make___ complaint about ___ **article in the paper. He was in** __ very bad temper.

(A) A, a, an, a ✓
(B) x, an, an, an
(C) A, a, the, a
(D) A, x, an, the

Q.102

Choose the most appropriate option to fill in the blanks.
I can't do this job alone. I need ___ to help me, in fact ___ will do, as I just need ___ to assist me.

(A) somebody, anyone, someone ✓
(B) anybody, nobody, anyone
(C) nobody, none, anyone
(D) anything, nobody, anybody

Q.103

Choose the most appropriate option to complete the sentence;
The full form of DO letter in administrative or official communication is

(A) Demi official ✓
(B) Direct official
(C) Do Open
(D) Dare open

Q.104

Fill in the blank choosing the most appropriate option :
He succeded in life ___ his physical disabilities.

(A) in case of
(B) but for
(C) in the event of
(D) in spite of ✓

Q.105

Choose the most appropriate word to complete the sentence given.
For once all the committee members agree ___ one another.

(A) to
(B) in
(C) with ✓
(D) for

Q.106

पांच छात्रों ने छात्रवृत्ति परीक्षा में हिस्सा लिया। सुमन को प्रीती से अधिक अंक मिले। कोमल को सुनीता से कम अंक प्राप्त हुए लेकिन वे सुमन के अंकों से अधिक रहे। मानसी को प्रीती एवं सुमन द्वारा प्राप्त अंकों के मध्य में अंक मिले, परीक्षा में सबसे कम अंक किसे प्राप्त हुए?

(A) सुमन
(B) मानसी
(C) प्रीती ✓
(D) कोमल

Q.107

आठ व्यक्ति L, M, N, P, Q, R, S एवं T एक गोलाकार मेज के चारों ओर सम्मेलन में केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं।

I. R, L एवं S के बीच में बैठा है

II. S, Q के बगल में T के दाहिनी तरफ तीसरे नंबर पर बैठा है

III. Q, T के दाहिनी तरफ दूसरे नंबर पर बैठा है

IV. M, R के बायीं तरफ तीसरे नंबर पर बैठा है

तब M के बगल में कौन दाहिने ओर बैठा है?

(A) R
(B) Q ✓
(C) L
(D) P

Q.108

अशोक उत्तर की तरफ 4 मीटर चलता है। पुनः वह दाहिनी ओर मुड़कर 12 मीटर तक चलता है और इसके बाद वह अपनी बायीं ओर मुड़ता है और 12 मीटर की दूरी तक चलता है। अशोक की प्रारंभिक बिंदु से अंत तक की निकटतम दूरी का पता लगाएं:

(A) 23 मीटर
(B) 28 मीटर
(C) 25 मीटर
(D) 20 मीटर ✓

Q.109

नीचे दिए गए विकल्पों में से कौन दी गई श्रृंखला को पूरा करेगा?

aabc_ _ bca _b _a _bc

(A) aa b c a
(B) aa c b a
(C) ab a a c
(D) aa a c a ✓

Q.110

सूची -I को सूची -II से सुमेलित कीजिए :

सूची-I (अधिकार)	सूची-II (सम्बन्धित है)
a. समानता का अधिकार	I. जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की सुरक्षा
b. स्वतन्त्रता का अधिकार	II. मानव तस्करी और जबरन श्रम पर प्रतिबंध
c. सांस्कृतिक और शैक्षणिक अधिकार	III. सैन्य और शैक्षणिक उपाधियों को छोड़कर अन्य उपाधियों का उन्मूलन
d. शोषण के विरुद्ध अधिकार	IV. अल्पसंख्यकों को शैक्षणिक संस्थान स्थापित करने और उनका प्रशासन करने का अधिकार

नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(A) a - I, b - II, c - III, d - IV
(B) a - II, b - IV, c - I, d - III
(C) a - IV, b - III, c - II, d - I
(D) a - III, b - I, c - IV, d - II ✓

Q.111

वर्ष 2024 में राजस्थान के राज्य चुनाव आयुक्त कौन थे?

(A) मधुकर गुप्ता ✓
(B) अमर सिंह राठौड़
(C) एन. आर. भसीन
(D) इंद्रजीत खन्ना

Q.112

निम्नलिखित में से कौन सा दूसरी / सेकण्ड जनरेशन का कम्प्यूटर है?

(A) IBM 4341
(B) ENIAC
(C) IBM 7030 ✓
(D) IBM Notebook

Q.113

निम्नलिखित में से कौन सा राज्य सड़क सुरक्षा कार्य योजना अपनाने वाला प्रथम राज्य बना?

(A) महाराष्ट्र
(B) राजस्थान ✓
(C) गुजरात
(D) मध्य प्रदेश

Q.114

जब प्रकाश की किरण सघन माध्यम से विरल माध्यम में गमन करती है, तो-

(A) इसकी चाल बढ़ जाती है तथा यह अभिलंब की ओर झुक जाती है।
(B) इसकी चाल बढ़ जाती है तथा यह अभिलंब से दूर हट जाती है। ✓
(C) इसकी चाल घट जाती है तथा यह अभिलंब की ओर झुक जाती है।
(D) इसकी चाल घट जाती है तथा यह अभिलंब से दूर हट जाती है।

Q.115

एक अवतल लेंस की फोकस दूरी $50\ \text{cm}$ है। उसकी क्षमता होगी :-

(A) $-2\ \text{D}$ ✓
(B) $+2\ \text{D}$
(C) $-5\ \text{D}$
(D) $+5\ \text{D}$

Q.116

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.117

$Fe_2O_3 + 3CO \rightarrow 2Fe + 3CO_2$ ऊपर दी गई रासायनिक अभिक्रिया में अपचायक है:-

(A) Fe_2O_3
(B) CO ✓
(C) Fe
(D) CO_2

Q.118

निम्नलिखित में से कौन सी भौतिक परिवर्तन की विशेषता <u>नहीं</u> है?

(A) नए पदार्थ का निर्माण होता है। ✓

(B) परिवर्तन अस्थायी होता है।

(C) परिवर्तन करने वाले कारण को हटाने पर, यह प्रतिवर्तित हो जाता है।

(D) केवल पदार्थों के भौतिक गुणों में जैसे कि अवस्था, रंग, गंध इत्यादि में परिवर्तन होता है।

Q.119

$2H_2O_2$ –Glycerol–> $2H_2O + O_2$

In the above chemical reaction glycerol is a :

(A) Positive catalyst

(B) Negative Catalyst ✓

(C) Auto catalyst

(D) Bio catalyst

Q.120

From the top of a 216 m high cliff, the angle of depression of the top and bottom of a tower are 30° and 60° respectively. Find the height of the tower.

(A) 135 m

(B) 140 m

(C) 142 m

(D) 144 m ✓

Q.121

How many triangles are there in the given figure?

[FIGURE: triangle with internal cevians — image to be attached manually]

(A) 10

(B) 11 ✓

(C) 12

(D) 15

Q.122

The value of cot 15° · cot 20° · cot 45° · cot 70° · cot 75° is :

(A) 0

(B) 1 ✓

(C) 2

(D) √2

Q.123

Following four numeral pairs are given. Out of these, three are alike in a certain way but one is different. Choose the one which is different from the rest three.

(A) 42, 252

(B) 24, 144

(C) 34, 204

(D) 26, 182 ✓

Q.124

Find out the incorrect term in the given sequence
987, 906, 842, 792, 757, 732, 716

(A) 906
(B) 842
(C) 792 ✓
(D) 757

Q.125

'विश्व दृष्टि दिवस, 2023' की थीम (विषय) क्या थी?

(A) वर्णान्धता (कलर ब्लाइंडनेस)
(B) रतौंधी (नाइट ब्लाइंडनेस)
(C) अपने नेत्र दान करें (डोनेट योर आईज़)
(D) कार्य करते समय अपने नेत्रों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें (लव योर आईज एट वर्क) ✓

Q.126

छठे एशियन ट्रेम्पोलिन जिम्नास्टिक्स चैम्पियनशिप में निम्न में से किसने रजत पदक (Silver medal) जीता था?

(A) रुचा दिवेकर
(B) कल्पना देबनाथ
(C) सृष्टि खंडगाले ✓
(D) दीपा कर्माकर

Q.127

भारत के प्रधानमंत्री द्वारा देश की पहली अंडरवाटर मेट्रो लाइन का उद्घाटन किस शहर में किया गया था?

(A) मुंबई
(B) दिल्ली
(C) कोलकाता ✓
(D) कोची

Q.128

'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस-2024' का विषय / थीम क्या है?

(A) भावी भारत के लिए देसी प्रौद्योगिकी/तकनीक (इंडिजिनियस टेक्नोलॉजी फॉर फ्यूचर इंडिया)
(B) विकसित भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी/तकनीक (इंटरनेशनल टेक्नोलॉजीज फॉर विकसित भारत)
(C) आत्मनिर्भर भारत के लिए देसी प्रौद्योगिकी/तकनीक (इंडिजिनियस टेक्नोलॉजी फॉर आत्मनिर्भर भारत)
(D) विकसित भारत के लिए देसी प्रौद्योगिकी/तकनीक ((इंडिजिनियस टेक्नोलॉजीज फॉर विकसित भारत)) ✓

Q.129

केवलादेव घाना राष्ट्रीय उद्यान कहाँ स्थित है?

(A) बूंदी
(B) भरतपुर ✓
(C) धौलपुर
(D) सवाई माधोपुर

Q.130

आजादी के समय आज के राजस्थान में कितनी रियासतें थीं? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें:)

(A) 15
(B) 17
(C) 19 ✓
(D) 21

Q.131

जैसलमेर का प्राचीन नाम क्या था?

(A) मरु
(B) मारन
(C) मांड ✓
(D) धाड़

Q.132

राजस्थानी गद्य और पद्य की विधाओं में वे रचनाएं जो किसी व्यक्ति एवं राजवंश की उपलब्धियों एवं घटनाओं पर प्रकाश डालती हैं, ... कहलाती हैं।

(A) वेली
(B) वचनिका
(C) प्रकाश ✓
(D) विगत

Q.133

2011 की जनगणना के अनुसार, निम्नलिखित में से राजस्थान के किस जिले में साक्षरता दर सबसे कम है?

(A) बीकानेर
(B) जयपुर
(C) जालौर ✓
(D) उदयपुर

Q.134

नीचे दो कथन दिए गए हैं :
कथन - I : काली मिट्टी राजस्थान के कोटा, बूंदी, बाराँ और झालावाड़ जिलों में पाई जाती है।
कथन - II : काली मिट्टी में नाइट्रोजन तो पर्याप्त मात्रा में होती है परन्तु कैल्शियम की कमी होती है।
उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) कथन I और II दोनों सत्य हैं।
(B) कथन I और II दोनों असत्य हैं।
(C) कथन I सत्य है, किन्तु कथन II असत्य है। ✓
(D) कथन I असत्य है, किन्तु कथन II सत्य है।

Q.135

सालार वन के बारे में असत्य कथन का चयन करें।

(A) ढोक कथिरा (Dhok Kathira) और धवद (Dhawad) सालार वन के प्रमुख वृक्ष हैं।
(B) टीक विशेष रूप से सिर्फ सालार वनों में प्रचुर मात्रा में पाया जाने वाला वृक्ष है। ✓
(C) सालार वन राजस्थान के पहाड़ी क्षेत्रों में भी पाए जाते हैं।
(D) सालार वृक्षों की प्रचुरता के कारण इन वनों को सालार वन नाम दिया गया है।

Q.136

साधारण ब्याज की दर से एक निश्चित राशि 3 वर्षों में ₹ 2,286 तथा 4 वर्षों में ₹ 2,448 हो जाती है। ब्याज की वार्षिक दर क्या है?

(A) 8%
(B) 9% ✓
(C) 10%
(D) 11%

Q.137

धन की किसी निश्चित राशि को अजय एवं चिराग के मध्य $7 : 6$ के अनुपात से विभाजित किया गया। यदि अजय के हिस्से का आधा चिराग के कुल हिस्से से ₹ 850 कम हो, तो कुल राशि क्या थी?

(A) ₹ 4,320
(B) ₹ 4,200
(C) ₹ 4,400
(D) ₹ 4,420 ✓

Q.138

एक मोटरसाइकिल का पहिया 11 किलोमीटर की दूरी तय करने में 5,000 परिक्रमण लगाता है। पहिए का व्यास (सेमी. में) है:

(A) 56 से.मी
(B) 70 से.मी ✓
(C) 84 से.मी
(D) 100 से.मी

Q.139

निम्नलिखित में से कौन सा रेशा उत्पादक पादप <u>नहीं</u> है?

(A) सनई (सन हेम्प)
(B) कपास
(C) खेजड़ी ✓
(D) नारियल

Q.140

निम्नलिखित में से कौन सा कथन असत्य है?

(A) नाइट्रोजन गैस पृथ्वी के वायुमंडल का 78% भाग बनाती है।
(B) जीवाणुओं के केवल कुछ प्रकार ही अक्रिय नाइट्रोजन को नाइट्रेट और नाइट्राइट में परिवर्तित कर सकते हैं।
(C) बिजली चमकने / गिरने के दौरान, वायु में निर्मित होने वाले कम तापमान और दाब नाइट्रोजन को नाइट्रोजन के ऑक्साइडों में परिवर्तित कर देते हैं। ✓
(D) नाइट्रोजन ऑक्साइड जल में घुलकर नाइट्रिक और नाइट्रस अम्ल बनाती है और वर्षा के साथ भूमि पर गिरती है।

Q.141

राजस्थान राज्य में पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं के लिए आरक्षण का प्रतिशत कितना है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें:)

(A) 50% ✓
(B) 33%
(C) 40%
(D) 45%

Q.142

राजस्थान के कृषि विकास में मुख्य कठिनाई है, निम्नलिखित विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें —

(A) पश्चिमी भाग में
(B) अनियमित वर्षा ✓
(C) कृषि के लिए सीमित ट्रैक्टरों की संख्या
(D) किसानों की बहुत कम संख्या

Q.143

भारत सरकार द्वारा निम्न में से किस वर्ष में मुद्रा के विमुद्रीकरण की घोषणा की गई थी?

(A) 2016 ✓
(B) 2017
(C) 2018
(D) 2019

Q.144

सिंधु नदी की सबसे बड़ी सहायक नदी (ट्राइब्यूटरी) कौनसी है-

(A) चेनाब ✓
(B) झेलम
(C) सतलुज
(D) व्यास

Q.145

निम्न में से कौनसी पर्वत श्रृंखला हिमालय पर्वत श्रृंखला से संबंधित है-

(A) शिवालिक ✓
(B) विन्ध्या
(C) सतपुड़ा
(D) अजन्ता

Q.146

करेवा निर्माण निम्नलिखित में से किस फसल के लिए उपयोगी है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें:)

(A) चावल
(B) जाफरान/केसर ✓
(C) गेहूँ
(D) चाय

Q.147

'प्रत्युपकार' शब्द में निहित उपसर्ग है-

(A) कार
(B) प्रति ✓
(C) आर
(D) प्रत्य

Q.148

'वेदना' शब्द में युक्त प्रत्यय है-

(A) अना
(B) ना ✓
(C) आ
(D) वि

Q.149

निम्नलिखित में 'अग्नि' के पर्यायवाची हैं- a. धूमकेतु b. अभ्र c. वासव d. कृशानु e. पावक नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(A) केवल a, b और e
(B) केवल b, c और e
(C) केवल b, c और d
(D) केवल a, d और e ✓

Q.150

निम्नलिखित में से 'विज्ञ' का विपरीतार्थक शब्द है-

(A) अज्ञ ✓
(B) ज्ञानी
(C) विशेषज्ञ
(D) सर्वज्ञ



Testline app में यह पूरा पेपर solution के साथ हल करें

testline.in